

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 30.08.2021 से 04.09.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रेस कॉन्फ्रेंस

(दिनांक 30.08.2021)




**विषय: प्रेस कॉन्फ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार के 2500 दिन पूरे होने पर चण्डीगढ़ प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित होकर सरकार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी और पिछले 2500 दिनों की उपलब्धियों को प्रेस के माध्यम से हरियाणा की जनता को बताया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम जनता को अपने हर एक दिन का हिसाब दे रहे हैं और सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ भी जनता को मिल रहा है। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने 2500 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित एक 'कॉफी टेबल बुक' का भी विमोचन किया और चण्डीगढ़ प्रेस क्लब को अपनी ओर से 32 लाख रूप्ये देने की घोषणा भी की।


## परिवार पहचान पत्र के जिला संयोजकों की बैठक

(दिनांक 30.08.2021)

**विषय: परिवार पहचान पत्र के जिला संयोजकों की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा परिवार पहचान पत्र के जिला संयोजकों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- परिवार पहचान पत्र के इनकम सर्वे के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
- जो सोशल वर्कर अभी तक सक्रिय नहीं हैं उनको जगह नए सोशल वर्कर को लगाया जाएगा।
- किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत के लिए एक शिकायत निवारण सिस्टम बनाया जाएगा,



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जहां परिवार पहचान पत्र का जिला स्तर पर कार्य देख रहे संयोजक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

- सर्वे के लिए बनाई गई एप में आ रही दिक्कतों को दूर कर यह सुनिष्चित किया जाएगा कि हर एक सोशल वर्कर उसी एप के माध्यम से काम करे।
- जिला स्तर के सभी संयोजकों को भी अपनी–2 लोकल कमेटी का सोशल वर्कर बनाया जाएगा और वह स्वयं भी सर्वे का काम देख सकेंगें और कर सकेगें।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं को भी सोशल वर्कर के नाते रजिस्टर करने और स्वयं अपनी लोकल कमेटी का काम देखने का भी निर्णय लिया।

## 40th NCR प्लानिंग बोर्ड की मीटिंग

(दिनांक 31.08.2021)

**विषयः 40th NCR प्लानिंग बोर्ड की मीटिंग।**



**निर्णयः** आज 40th NCR प्लानिंग बोर्ड की मीटिंग आवास और शहरी विकास मंत्री, भारत सरकार श्री हरदीप सिंह पुरी जी की अध्यक्षता में हुई जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी चण्डीगढ़ से विडियों क्रान्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

- इस अवसर पर हरियाणा ने NCR प्लानिंग के संबंध में आ रही दिक्कतों को भारत सरकार के सामने रखा और उनका संज्ञान लेते हुए जल्द उनके समाधान का आश्वासन भी दिया।


साथ ही यह भी तय किया गया कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार के सभी उच्च अधिकारी अगली बैठक के पूर्व सभी बिन्दुओं पर गहन विचार–विमर्श कर दोबारा समीक्षा में बैठक के लिए रखेगें और इसके साथ ही 2041 के लिए बन रहे NCR प्लान की भी समीक्षा कर जल्द से जल्द अपने सुझाव भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगें।

## पंजाब गवर्नर का शपथ ग्रहण समारोह

(दिनांक 31.08.2021)

**विषयः पंजाब गवर्नर का शपथ ग्रहण समारोह।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंजाब के नए गवर्नर माननीय बनवारीलाल पुरोहित जी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। वर्तमान में आदरणीय बनवारीलाल जी तमिलनाडु के राज्यपाल हैं और उन्हें पंजाब के राज्यपाल के अतिरिक्त प्रभार के साथ–2 चण्डीगढ़ का मुख्य प्रशासक भी नियुक्त किया गया है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'आस' ऑटो अपील पोर्टल का शुभारंभ
(दिनांक 01.09.2021)




**विषय: 'आस' ऑटो अपील पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सेवा के अधिकार आयोग के द्वारा बनाए गए ऑटो अपील साफ्टवेयर जिसे 'आस' नाम दिया गया है का उद्घाटन किया। इस पोर्टल और साफ्टवेयर के बनने के बाद तमाम सरकारी सेवाएं जो सेवा के अधिकार कानून के तहत आती हैं, समय पर न मिलने पर उच्च अधिकारी को उसकी स्वतः ही अपील हो जाएगी। इसके लिए किसी व्यक्ति को कोई अपील स्वयं से करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

अभी सेवा के अधिकारी के तहत मिलने वाली सेवाओं में अगर देरी होती है तो व्यक्ति 30, 60 और 90 दिन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय अपील कर सकता है लेकिन इस साफ्टवेयर के बनने के बाद अपील स्वतः ही हो जाएगी और जिस अधिकारी ने सेवा देने में विलम्भ किया है उस पर कार्यवाही की जा सकेगी।


इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसे एक क्रांतिकारी कदम बताया और आम जन को मिलने वाली सेवाओं की समय सीमा तय करने के उद्देश्य से एक बड़ा परिवर्तन कहा।

## डिजिटल इंफॉर्मेशन बोर्ड का उद्घाटन
(दिनांक 02.09.2021)




**विषय: डिजिटल इंफॉर्मेशन बोर्ड का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ सचिवालय में आजादी की चल रही 75वीं सालगिरह और अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में डिजिटल इफॉर्मेशन बोर्ड का उद्घाटन किया। जिसमें आजादी से जुड़ी हुई विभिन्न घटनाओं को क्रमवार तरीके से दर्शाया गया था।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रापर्टी आईडी की समीक्षा बैठक

(दिनांक 02.09.2021)



**विषय: प्रापर्टी आईडी की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रापर्टी आई.डी के संबंध में विभिन्न संबंधित विभागों के साथ एक समीक्षा बैठक की जिसमें निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :–

- किसी भी प्रापर्टी को अप्रूव अथवा अनअप्रूवड दिखाने की समस्त शक्ति अब डायरेक्टर लेवल पर ही होगी।
- जिला स्तर पर कोई किसी प्रापर्टी को अप्रूव अथवा अन–अप्रूव नहीं कर पाएगा।
- हरियाणा की समस्त प्रापर्टी की आई.डी बनाई जाएगी।
- हर प्रापर्टी आई.डी का मपे और उससे संबंधित जानकारी सभी प्रापर्टी धारकों को बहुत जल्द एक डाक्यूमेंट के रूप में दी जाएगी।
- 10 लाख बची हुई प्रापर्टी आई.डी को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
- अब आगे से रजिस्ट्रीयों पर भी प्रापर्टी आई.डी प्रिंट की जाएगी। जिससे स्पष्ट हो सकेगा कि वह रजिस्ट्री किस प्रापर्टी की है।
- 1200 अन–ऑथराइज्ड कालोनियों को ऑथराइज्ड करने का काम भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

## मॉडल संस्कृति स्कूल की समीक्षा बैठक


(दिनांक 03.09.2021)




**विषय: मॉडल संस्कृति स्कूल की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने मॉडल संस्कृति स्कूल की समीक्षा बैठक की इस अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री श्री कवंरपाल गुर्जर जी भी उपस्थित थे। इन स्कूलों के कार्य पर संतोष जताते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्णय लिया कि :–

- अति गरीब परिवारों के बच्चों को इन स्कूलों में मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- जिले के वरिष्ठ अधिकारी, SDM, DDPO तहसीलदार आदि अपने–2 जिले में 1–1 स्कूल को गोद लेगें और समय–2 पर उसका निरीक्षण करेगें।
- इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाएगा साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत हिन्दी और स्थानीय भाषा में भी शिक्षा दी जाएगी।
- मांग के अनुसार स्कूलों की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

## ग्राम दर्शन पोर्टल की समीक्षा

(दिनांक 03.09.2021)



**विषय: मॉडल संस्कृति स्कूल की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना ग्राम दर्शन पोर्टल की समीक्षा की। इस पोर्टल के माध्यम से हरियाणा का कोई भी व्यक्ति गावों से जुड़ी अपनी किसी भी मांग को, शिकायत को अथवा अपना सुझाव को सीधे हरियाणा सरकार तक पहुंचा सकता है उसे इधर–उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पोर्टल की कमियों को जल्द से जल्द दूर करने और अब तक पोर्टल पर आई मांगों पर काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।